*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## विद्यार्थियों में मूल्यों को स्थापित करें शिक्षक -प्रो. गिरीश्वर मिश्र
## शिक्षक दिवस शिक्षकों को किया सम्मानित
## हिंदी विश्वविद्यालय एवं लॉयन्स क्लब का संयुक्त आयोजन
## कुलपति ने किया केंद्रीय विद्यालय का उदघाटन

वर्धा दि. 5 सितंबर 2015: विद्यार्थियों में मूल्यों को स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षकों पर हैं। अगर हम शिक्षक, गुरू और अध्यापक है तो हमें आदर्श होना ही चाहिए। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों में मूल्यों का निवेश कर मूल्य-सृजन में योगदान देते रहें। उक्त विचार हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किये। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय एवं लॉयन्स क्लब, वर्धा के




संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं वर्धा शहर के शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रो. मिश्र बोल रहे थे। हबीब तनवीर सभागार में आयोजित समारोह में लॉयन्स क्लब वर्धा के अध्यक्ष अभिषेक बेद, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अजय नासरे, वरिष्ठ शिक्षक नवरतन नाहर मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने केंद्रीय विद्यालय का उदघाटन किया।



इस कार्यक्रम में शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. के. के. सिंह, संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय, नवरतन नाहर, गुणवंत बाराहाते, केंद्रीय विद्यालय के अजय नासरे, अनिरूद्ध पाटील, सुकनदास ढेकवारे, हिंदी विवि के दूरशिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर संदीप सपकाले, शिक्षा विभाग के ऋषभ मिश्र, मनोविज्ञान विभाग के अमित त्रिपाठी तथा प्रबंधन विभाग के मनोज चौधरी आदि शिक्षकों शॉल, स्मृतिचिन्ह और पुष्पगुच्छ प्रदान कर उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।




प्रो. मिश्र ने कहा कि उत्कृष्ट विश्वविद्यालय को स्थापित करने के लिए हम सतत प्रयासरत है और इसका ही परिणाम है कि यहां पर केंद्रीय विद्यालय स्थापित किया गया है। समाज से जुड़ने की कई योजनाओं का उल्लेख उन्होंने अपने वक्तव्य किया और लॉयन्स क्लब को इस आयोजन में महत्वपूर्ण भागिदारी के लिए धन्यवाद भी दिया।



प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने हमारे समय का आदर्श हमारा लोकतंत्र ही है। नई और बदलती जरूरतों के बीच शिक्षकों पर आदर्श को स्थापित करने और उसे कायम रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में कुलसिचव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, नवरतन नाहर, अभिषेक बेद ने भी समयोचित विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग, मनोविज्ञान विभाग तथा प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सम्मान समारोह के बाद कुलपति एवं अन्य अतिथियों द्वारा केंद्रीय विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह का संचालन शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर ऋषभ मिश्र ने किया तथा धन्यवाद असोसिएट प्रोफेसर गोपाल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, विद्यार्थी तथा लॉयन्स क्लब के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**शिक्षकांनी विद्यार्थ्यांमध्ये मूल्य रोपित करावे -प्रो. गिरीश्वर मिश्र**
**शिक्षक दिनी शिक्षकांचा सन्मान, हिंदी विश्वविद्यालय व लॉयन्स क्लबचे संयुक्त आयोजन**
**कुलगुरूंच्या हस्ते केंद्रीय विद्यालयाचे उदघाटन**

वर्धा दि. 5 सप्टेंबर 2015: विद्यार्थ्यांमध्ये मूल्य रोपित करण्याची महत्वाची जबाबदारी शिक्षकांवर आहे. शिक्षकांनी आपल्या कृतीतून विद्यार्थ्यांपुढे आदर्श निर्माण केला पाहिजे असे विचार हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी व्यक्त केले. महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय आणि लॉयन्स क्लब, वर्धा यांच्या संयुक्त विद्यामाने शिक्षक दिनानिमित्त शनिवारी आयोजित कार्यक्रमात विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय आणि वर्धा शहरातील शिक्षकांना उत्कृष्ट शिक्षक सन्मान प्रदान करण्यात आला. यावेळी अध्यक्षीय भाषणात ते बोलत होते. हबीब तनवीर सभागृहात झालेल्या कार्यक्रमात लॉयन्स क्लब वर्धाचे अध्यक्ष अभिषेक बेद, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो. अरबिंद कुमार झा, केंद्रीय विद्यालयाचे प्राचार्य अजय नासरे, वरिष्ठ शिक्षक नवरतन नाहर मंचावर उपस्थित होते.

यावेळी साहित्य विभागाचे अधिष्ठाता प्रो. के. के. सिंह, संचार व मीडिया अध्ययन केंद्राचे निदेशक प्रो. अनिल राय, वरिष्ठ शिक्षक नवरतन नाहर, गुणवंत बाराहाते, केंद्रीय विद्यालयाचे अजय नासरे, अनिरूद्ध पाटील, सुकनदास ढेकवारे, हिंदी विश्वविद्यालयातील दूरशिक्षा विभागाचे सहायक प्रोफेसर संदीप सपकाळे, शिक्षण विभागाचे ऋषभ मिश्र, मनोविज्ञान विभागाचे अमित त्रिपाठी तथा प्रबंधन विभागाचे मनोज चौधरी यांना शॉल, स्मृतिचिन्ह आणि पुष्पगुच्छ देवून उत्कृष्ट शिक्षक सन्मानाने गौरवान्वित करण्यात आले.
कार्यक्रमाआधी कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी केंद्रीय विद्यालयाचे उदघाटन केले.

कार्यक्रमात प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र, कुलसिचव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, नवरतन नाहर, अभिषेक बेद यांनीही समयोचित विचार मांडले. यावेळी विद्यार्थ्यांनी सांस्कृतिक कार्यक्रम सादर केला. केंद्रीय

विद्यालयाच्या परिसरात कुलगुरू आणि उपस्थितांनी वृक्षारोपण केले. राष्ट्रगीताने कार्यक्रमाची सांगता झाली. कार्यक्रमाचे संचालन ऋषभ मिश्र यांनी केले तर आभार गोपाल ठाकुर यांनी मानले. कार्यक्रमाला अध्यापक, अधिकारी, विद्यार्थी तथा लॉयन्स क्लबचे पदाधिकारी मोठया संख्येने उपस्थित होते.